बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल छपरा।
राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई० – निविदा आमंत्रण सूचना
ई० निविदा संख्या –03 भ०प्र०छपरा / 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, छपरा
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दिनांक– 17.07.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड की ) तिथि एवं समय :– दिनांक– 05.08.2026 से 28.08.2026 को 03:00बजे
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 28.08.2026 को 03.:00 बजे अप० तक।
5. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :– दिनांक – 29.08.2026 को 03:30बजे अप० तक।
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बिड निष्पादन के बाद।
7. निविदा (परिमाण विपत्र) बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. प्रिबिड मिटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक–12.08.2026 को 12:30 बजे अधीक्षण अभियंता,भवन अंचल, छपरा का कार्यालय।
:– दिनांक– 18.08.2026 को 12:30 बजे मुख्य अभियंता, उ० उपभाग, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय।
9. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन।

10. कार्य विवरणी

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड़ प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | व्यवहार न्यायालय सोनपुर, सारण छपरा में लायर्स हॉल का निर्माण कार्य। | 70,05,000.00 | 140200.00 | 10000.00 | As per website | 06 माह |

11. भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।

12. प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती हैं तद्नुसार अग्रधन की राशि में परिवर्त्तनानुसार जमा करना अनिवार्य होगा।

13. निविदादाताओं द्वारा निविदा में भाग लेने के पूर्व कार्य स्थल, प्राक्कलन एवं क्वैरी साईट इत्यादि की स्थिति एवं निर्माण समाग्रियों की उपलब्धता पूर्णरुप से संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा जमा करने का परामर्श दिया जाता है इस संबंध में बाद में किसी प्रकार दावा मान्य नहीं होगा।

14 कार्य की विशिष्टियों अथवा निविदा की शर्तो के संबंध में किसी भी प्रकार की पृच्छा निविदा प्राप्ति के पूर्व की जा सकती हैं। उसके बाद निविदा से संबंधित किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

15 निविदा केवल ई – निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (**www.eproc2.bihar.gov.in**) पर निष्पादित की जायेगी। ई –निविदा प्रकिया से संबंधित जानकारी **eproc2** के **helpdesk no. 1800 572 6571** पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

16 ई – निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदकों को **EProcurement** के साथ निबंधन कराना होगा । वेबसाइट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निवंधन से उन्हें **User ID** तथा **Password** मिलेगा । संवेदक को DSC (Digital Signature Certificate) भी प्राप्त करना होगा। User ID, Password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक ई– निविदा में भाग ले सकेंगें।

17 निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाईट पर ही, निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सुनिश्चित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों को एवं आवश्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि–पत्र की जानकारी वेबसाईट से प्राप्त होगी।

18 बेलट्रोन को देय बिड प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा कागजात का मूल्य एवं अग्रधन https://eproc2.bihar.gov.in/EPSV2Web/ में प्रयुक्त विकल्प के अनुसार देय होगा।

19 कमांक 05 में अंकित परिमाण विपत्र का मूल्य (जो किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जायेगा) Online अर्थात् O Gras/Challan से लिया जायेगा जो कार्यपलाक अभियंता भवन प्रमंडल छपरा के नाम से भुगतेय होना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

1. निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर Tender free View में उपलब्ध है जिसे सिर्फ वेबसाइट से ही प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।

22 निविदादाता द्वारा अग्रधन की राशि (EMD) केवल B.G (Bank Guarantee) or Internet Payment Gateway अथवा Internet Banking को ही स्वीकार किया जायेगा। जिसका Verification online माध्यम से किया जायेगा।

21 कुल प्राक्कलित राशि में वास्तविक खर्च का एक प्रतिशत श्रमिक के लिए सेस (Cess) के रूप में बिल भुगतान के समय काट लिया जायेगा।

22 कार्य की पूर्ण जानकारी(साईट लोकेशन, वर्तमान अवस्थित पहुँच पथ की स्थिति एवं अन्य विविध जानकारी) के लिए कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल छपरा (मो0' 9264293110) के कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, छपरा अथवा मुख्य अभियंता (उत्तर) भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से किसी कार्य दिवस के कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

23 निर्माण कार्य में TATA, SAIL, SHYAM एवं VIZAG STEEL का प्रयोग होगा।

24. कम्पनी एक्ट के तहत निबंधित संवेदक को निविदा के साथ Certificate of incorporation on issued by Registrar of Company Bihar, Memoradum of Associate and article of association संलग्न करना अनिवार्य होगा।

25 प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग बिहार पटना के पत्रांक –566 (भ0), दिनांक– 17.01.2020 के द्वारा प्रतिशत दर निविदा (in percentage Rate Tender) पद्धति में प्राप्त की जानेवाली सभी प्रकार की निविदाओं में निविदत दर की न्यूनतम अधिसीमा को तत्काल समाप्त करते हुए परिमाण विपत्र की दर से कम उद्धत दर वाले निविदाओं में Additional Performance Guarantee अनिवार्य रूप से जमा करने का प्रावधान किया गया है जो इस निविदा में भी तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

26 प्राक्कलन में निदेशित विशिष्टियों के अनुरूप मानक गुणवत्तापूर्ण कार्यो का ही भुगतान किया जाएगा। निर्माण कार्य में उपयोग होनेवाले प्रत्येक सामग्री की गुणवत्ता की संपुष्टि इंजीनियर इन–चार्ज से कराने के बाद ही उसका उपयोग संबंधित कार्यो में करना होगा।

27 कार्य के दौरान आवंटन अनुपलब्ध होने की परिस्थिति में किये गये कार्य का भुगतान लंबित रहने एवं तदनुसार भुगतान में हुये विलंब के संबंध में किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

28. किसी भी विभाग में डिबार किये गये संवेदक इस निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे। तीन वर्ष की अवधि तक कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि उत्पन्न होने पर संवेदक को स्वयं अपने खर्च पर ठीक करना होगा। अर्थात् इस कार्य हेतु डिफेक्ट लाईवलिटि अवधि तीन वर्ष होगी। यह तिथि Successful handing over of Project date से लिया जा सकेगा।

29. सर्शत बैंक गारंटी स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा के विहित प्रपत्र के अनुरूप ही बैंक गारंटी स्वीकार किया जायेगा।

30. निविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि के पूर्व ही समय रहते हुए परिमाण विपत्र डाउनलोड एवं निविदा अपलोड कर दे, अन्यथा अंतिम तिथि समय में इंटरनेट सेवा बाधित रहने अथवा लिंक नहीं होने अथवा किसी तरह के बाध्यता के कारण निविदा नहीं डाले जाने के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

31 निविदा से संबंधित अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात यथा परिमाण विपत्र का मूल्य/अग्रधन की राशि/सभी प्रमाण पत्र जो निविदा के लिए आवश्यक है, स्वयंअभिप्रमाणित करते हुए स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है।

32. आवंटन उपलब्ध रहने के उपरांत ही भुगतान की जायेगी अलग से कोई सूद का दावा मान्य होगा।

33 कार्य के ऐसे मंद जो बाद में छिप जायेगें या बाद में जिनकी नापी नहीं की जा सकती है को मापी पुस्त पर सक्षम पदाधिकरी की संपुष्टि के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

34 समय–समय पर विभाग द्वारा निर्गत आदेश का अनुपालन अनिवार्य होगा।

35 अभियंता प्रमुख–सह– अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 7287 (भ0) अनु0 दिनांक 08.08.2019 एवं पत्रांक –7818 (भ0), दिनांक– 05.02.2021 द्वारा कमशः प्राप्त निर्देश के अनुपालन में चेक लिस्ट के अनुसार एवं चरित्र प्रमाण पत्र के साथ निविदा प्राप्त की जाएगी।

36 (i) अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग बिहार पटना के पत्रांक भवन–12/अभि0प्र0(यो0)–02– विविध–04/2021 7974(भ) दिनांक 09.11.2022 के द्वारा प्राप्त निदेशानुसार निविदादाता CA द्वारा Certified /Audited/Attested किये जाने वाले सभी document यथा Audited Balance sheet /turnover certificate / अन्य आवश्यक

Scanned with OKEN Scanner

दस्तावेज पर UDIN नम्बर अंकित कराने के उपरांत ही इसे निविदा के साथ संलग्न करेगें अथवा e-proc पर upload करेगें।

(ii) UDIN नम्बर अंकित नहीं रहने पर documents को वैध नहीं माना जायेगा तथा तकनीकी मूल्यांकन के समय वैसे documents वाले निविदादाता को असफल घोषित कर दिया जायेगा।

37 बिना कारण बताऐ निविदा को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित हैं। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईड https://state.bihar.gov.in/prdbihar/CitizenHome.html/ https://eproc2.bihar.gov.in/EPSV2Web/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, छपरा

ज्ञापांक–1212 दिनांक:– 17/07/2026

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, छपरा को सूचनार्थ आवष्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि :– सभी कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– सभी संवेदक (विभाग द्वारा प्राप्त कराये गये लिस्ट के अनुसार) मेल के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्राक्कलन पदाधिकारी/सहायक अभियंता अवर प्रमंडल सं०–1/2/छपरा/लेखा पदाधिकारी/रोकड़पाल भवन प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं सूचना पट्ट पर प्रदर्शनार्थ प्रेषित।

17/7/26
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, छपरा

17/07/26

Scanned with OKEN Scanner